RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

धक्केशाही से अरे, जीत लिया बंगाल।
ममता जी को कर दिया, बुरी तरह कंगाल।
बुरी तरह कंगाल, दिया ना अंदर आने।
नहीं दिये हैं वोट, उन्हें खुलकर डलवाने।
कह साहिल कविराय, वोट खुलकर पड़ जाते।
यह सब होता नहीं, पुनः सरकार बनाते।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 102 | WEDNESDAY DATE 06-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



## मत करें चिंता, हर समस्या का कराएंगे समाधानः योगी आदित्यनाथ

» **गोरखपुर, यूटर्न/ 05 मई।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मिलने आए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा, चिंता मत करिए, सरकार हर समस्या का प्रभावी समाधान कराएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाते हुए पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान योगी करीब 200 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठे लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र लिए तथा समीप खड़े अफसरों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और निष्पक्ष होना चाहिए। जमीन कब्जा किए जाने से संबंधित शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से कहा यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### टीएमसी हार नहीं, वोट चोरी का मामला : राहुल

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहां है कि कुछ लोग पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की हार पर जश्न मना कर गलत कर रहे है क्योंकि यह हार 'वोट चोरी' का परिणाम है और लोकतंत्र के लिए सबसे खतरनाक स्थिति है। श्री गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि कांग्रेस के भीतर और बाहर कुछ लोग टीएमसी की हार पर खुशी जता रहे हैं लेकिन उन्हें यह समझना चाहिए कि असम और पश्चिम बंगाल के जनादेश में 'चोरी' हुई है और यह चोरी भारतीय जनता पार्टी के लोकतंत्र को कमजोर करने के मिशन की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि यह समय हल्की राजनीति करने का नहीं है और टीएमसी की इस हार को एक पार्टी बनाम दूसरी पार्टी के नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा, 'यह किसी एक दल का मुद्दा नहीं है, यह देश का मामला है।

### भाजपा ने शाह को बंगाल और नड्डा को असम के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बंगाल और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को असम के लिए पर्यवेक्षक बनाया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में श्री शाह पश्चिम बंगाल में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। वहीं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सह पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे। श्री सिंह ने बताया कि श्री नड्डा ओडिशा में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सह पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे। गौरतलब है कि सोमवार को घोषित हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के अनुसार भाजपा स्पष्ट बहुमत के साथ बंगाल में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। वहीं असम में जीत की हैट्रिक लगाते हुए पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी।

## आतंक पर सुशासन भारी महिलाओं का फैसला : रेखा गुप्ता

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ मंगलवार को यहां सीआर पार्क स्थित मां काली मंदिर में पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया।

श्रीमती गुप्ता ने इस जीत को भारतीय राजनीति का एक निर्णायक मोड़ बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक भगवा शान से लहरा रहा है। यह जीत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि देश की जनता का विश्वास विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति में ही है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन विधेयक उल्लेख करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिन राजनीतिक दलों ने संसद में इस विधेयक का विरोध किया था, बंगाल की माताओं-बहनों ने उन्हें अपने वोट की चोट से मुंहतोड़ जवाब दिया है। बंगाल की महिलाओं ने भय, आतंक और तुष्टिकरण की राजनीति को नकारकर यह सिद्ध कर दिया है कि नारी शक्ति अब अपने सम्मान और अधिकारिों के लिए किसी भी दमनकारी शक्ति से टकराने को तैयार है।

उन्होंने कहा कि बंगाल में यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण की नीति की जीत है। भय, आतंक और अत्याचार के वातावरण के बावजूद बंगाल की महिलाओं ने निर्भीक होकर मतदान किया और लोकतंत्र को सशक्त बनाते हुए सुशासन की सरकार स्थापित की।



### विवेक विहार अग्निकांड : सीएम रेखा गुप्ता ने पीड़ितों से की मुलाकात, फायर सेफ्टी पर सख्ती के निर्देश

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली के विवेक विहार में हुई आगजनी से प्रभावित पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को एक गंभीर चेतावनी के रूप में लेते हुए संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और फायर सेफ्टी के उच्चतम मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर जानकारी दी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के विवेक विहार में हुई हृदय विदारक अग्नि दुर्घटना के पीड़ित परिवारों से मंगलवार को मुलाकात की। इस दुखद घड़ी में हम पूरी संवेदनशीलता और दृढ़ता के साथ उनके साथ खड़े हैं और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति दें। उन्होंने आगे कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को एक गंभीर चेतावनी के रूप में लेते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और फायर सेफ्टी के उच्चतम मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। फायर सेफ्टी मानकों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही या समझौता बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दरअसल, पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में रविवार तड़के हुई एक दुखद आगजनी दुर्घटना में 9 लोगों की मौत हो गई। यह घटना एक पॉश कॉलोनी के बी-ब्लॉक में स्थित एक इमारत की एसी यूनिट में हुए धमाके के कारण हुई। अधिकारियों ने बताया कि बचाव और राहत कार्यों के दौरान 10 से ज्यादा लोगों को बचाया गया।

## बंगाल और असम के साथ संपूर्ण देश के विकास के लिए संकल्पित हैं मोदी : नितिन

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष नितिन नवीन मंगलवार को यहां के सी.आर. पार्क स्थित माँ काली बाड़ी मंदिर पहुंचे और पूजा - अर्चना कर बंगाल, असम और पुड्डुचेरी में भाजपा को जीत दिलाने को लेकर आभार व्यक्त किया। श्री नवीन के साथ दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, सांसद बाँसुरी स्वराज, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सहप्रमुख संजय मयूख, विधायक शिखा रॉय, दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर और नयी दिल्ली जिलाध्यक्ष रविन्द्र चौधरी, श्री विक्रम मित्तल और काफी संख्या में बंगाली कार्यकर्ता भी थे। मन्दिर समिति के सचिव डॉक्टर राजीव नाग, अध्यक्ष पी के दास, मुख्य सलाहकार डॉक्टर आनंद मुखर्जी, सदस्य अजंता भटाचार्य सौरभ चक्रवर्ती और सुजाता दास ने श्री नवीन, श्रीमती गुप्ता तथा श्री सचदेवा का स्वागत किया। इस मौके पर श्री नवीन ने हाल ही सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव वाले पांचों राज्यों विशेषकर पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी की जनता का भाजपा को वोट देने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा , 'मां काली और मां कामाख्या की पवित्र भूमि में जो विजय श्री मिली है इसके लिए आज मां काली के दर्शन करके माथा टेकने आए हैं। मां काली, माँ कामाख्या और दुर्गा हम सभी को आशीर्वाद दें ताकि बंगाल और असम सहित पूरे देश के विकास में हम अपने राष्ट्र नायक श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम करें।

## रिहायशी मकान में भीषण आग, 9 लोगों का रेस्क्यू, कोई जनहानि नहीं



**गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 मई।** गाजियाबाद कमिश्नरेट क्षेत्र के इंदिरापुरम स्थित नीति खंड-2 में मंगलवार दोपहर एक रिहायशी मकान में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना 5 मई को करीब 1:30 बजे फायर स्टेशन वैशाली को 112 सिस्टम के माध्यम से मिली। सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद और प्रभारी अग्निशमन अधिकारी वैशाली अपनी टीम के साथ तुरंत मौके के लिए रवाना हुए। जब दमकल विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची तो प्लॉट नंबर-495, नीति खंड-2 के भूतल पर आग विकराल रूप ले चुकी थी। आग की तीव्रता को देखते हुए तुरंत होज पाइप बिछाकर आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया।

## बंगाल विधानसभा चुनाव जीत के बाद पंजाब में भी बदलाव तयः पंकज सिंह



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।**

पश्चिम बंगाल चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। दिल्ली सरकार में मंत्री पंकज सिंह ने इस जीत को जनता के विश्वास की जीत करार देते हुए कहा कि यह परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और नेतृत्व पर जनता के भरोसे को दर्शाता है।

उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने स्पष्ट रूप से भाजपा को चुनकर यह संदेश दिया है कि वह बदलाव चाहती थी और अब वह बदलाव साकार हुआ है। पंकज सिंह ने कहा कि जिस तरह पश्चिम बंगाल में जनता ने मौजूदा हालात से तंग आकर भाजपा को समर्थन दिया, उसी तरह पंजाब की जनता भी वर्तमान सरकार को जवाब देने के लिए तैयार बैठी है।

उन्होंने दावा किया कि पंजाब में भी भाजपा की सरकार बनना तय है। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता भली-भांति जानती है कि वे क्या कहते हैं और क्या करते हैं। उनके अनुसार, जिस प्रकार पश्चिम बंगाल पहले अव्यवस्था और समस्याओं से जूझ रहा था, वैसी ही स्थिति आज पंजाब में भी देखने को मिल रही है। दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वहां की जनता ने बहुत सोच-समझकर अपना फैसला सुनाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि पंजाब की जनता भी आने वाले समय में ऐसा ही निर्णय लेगी। सिरसा ने पंजाब की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में नशे की समस्या गंभीर स्तर पर पहुंच चुकी है और यह अब स्कूलों तक फैल चुकी है। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि पंजाब में गैंगस्टरों का प्रभाव भी काफी बढ़ गया है, जो कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बना हुआ है। मनजिंदर सिंह सिरसा ने राज्य की आर्थिक स्थिति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पंजाब पर लगभग चार लाख करोड़ रुपए का कर्ज हो चुका है, जिसमें से दो लाख करोड़ रुपए मौजूदा मुख्यमंत्री भगवंत मान के कार्यकाल में लिया गया है।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बारे में मंत्री सिरसा कहते हैं, 'वह अपना समय अपने ही ड्रामे और नौटंकी में बिताते हैं। वह कभी किसी गंभीर मुद्दे पर बात नहीं करते।

# दिल्ली पुलिस ने वसंत कुंज के लग्जरी होटल में नकली ब्रांडेड कपड़ों के रैकेट का भंडाफोड़ किया, लाखों का सामान जब्त

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।**

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा, पश्चिमी रेंज-कने बड़े पैमाने पर नकली ब्रांडेड कपड़ों, जूतों, घड़ियों और एक्सेसरीज बेचने वाले एक संगठित रैकेट का भंडाफोड़ किया है। टीम ने 3 मई 2026 को वसंत कुंज स्थित एक लग्जरी होटल में छापा मारकर भारी मात्रा में नकली सामान जब्त किया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी होटल के बॉलरूम में 'डिस्काउंट सेल' की आड़ में अस्थायी प्रदर्शनी लगा रहे थे। ग्राहकों को प्रसिद्ध ब्रांडों के कपड़े, जूते-चप्पल और एक्सेसरीज भारी छूट पर असली प्रोडक्ट बताकर बेचे जा रहे थे। छापेमारी के दौरान 20 महिलाओं के माइकल कोर्स पर्स, 10 लग्जरी घड़ियां (माइकल कोर्स, टिसॉट, आमार्नी एक्सचेंज, ओमेगा), 1060 एलन सोली सफेद लोअर्स, 272 मल्टीकलर टी-शर्ट्स, 155 पीटर इंग्लैंड टी-शर्ट्स, 61 वैन 'सेन



टी-शर्ट्स और अन्य ब्रांडेड कपड़ों की भारी मात्रा बरामद की गई। इसके अलावा 2,87,210 रुपए नकद राशि, 5 पाइन लैब्स स्वाइप मशीनें, यूपीआई क्यूआर कोड स्कैनर, बिल बुक्स और अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की गई।

आरोपी इकबाल (51 वर्ष), रहमान का बेटा, निवासी तहसील पुन्हाना, जिला नूंह (हरियाणा) को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह फारुख अहमद के निर्देश पर काम कर रहा था।

फारुख अहमद इस पूरे रैकेट का मुख्य सरगना है, जो विभिन्न शहरों के होटलों में ऐसी प्रदर्शनियां आयोजित कर नकली सामान बेचता है। इकबाल को बिक्री पर 8-10 प्रतिशत कमीशन मिलता था।

आरोपी दिल्ली और अन्य महानगरों के पांच सितारा होटलों व कन्वेंशन सेंटरों में अस्थायी प्रदर्शनियां लगाते थे। सामान को 'एक्सपोर्ट सरप्लस' या 'फर्स्ट कॉपी' बताकर ग्राहकों को गुमराह किया जाता था। आकर्षक छूट, वैध दिखने वाले बिल और यूपीआई-स्वाइप मशीनों के जरिए बिक्री को वैध रूप देने की कोशिश की जाती थी। ब्रांड प्रोटेक्टर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की शिकायत पर दर्ज एफआईआर संख्या 111/2026 (दिनांक 04.05.2026) के तहत बीएनएस की धारा 318(4), 61(2), 3(5) और कॉपीराइट एक्ट की धारा 51/63 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी इकबाल को अदालत ने दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। अपराध शाखा की टीम (इंस्पेक्टर आशीष शर्मा, एसआई प्रकाश, एसआई गुमान सिंह आदि) ने एसीपी राज कुमार के मार्गदर्शन में यह सफल ऑपरेशन अंजाम दिया। पुलिस ने बताया है कि पूरी सप्लाई चेन और बाकी आरोपियों को पकड़ने के लिए जांच जारी है।



## थानेसर मंडल में पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत की खुशी लड्डू बाटकर मनाई गई

**कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 05 मई।** पश्चिम बंगाल व अन्य राज्यो की जनता ने लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना स्पष्ट जनादेश भारतीय जनता पार्टी को सौंपकर विकास, सुशासन और सुरक्षा के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है। इस चुनाव में पार्टी को मिली प्रचंड जीत प्रदेश में परिवर्तन की जनता की आकांक्षा का प्रतीक है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत, नेतृत्व की स्पष्ट नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकास मॉडल पर जनता का भरोसा इस ऐतिहासिक सफलता का आधार बना। भाजपा के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प को समर्थन दिया। आज थानेसर मंडल में मंडल के पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं द्वारा विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में मिली जीत की खुशी लड्डू बांटकर मनाई गई

## संक्षिप्त खबरें

### मोबाइल फोन चलाने पर विवाहिता से मारपीट, दंपती पर रिपोर्ट दर्ज

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 05 मई।** टीलामोड़ के राजपुर निवासी अनुपमा ने परिचित दंपती पर मारपीट का आरोप लगाया है। मामला एक मई का है और पुलिस ने तीन मई को आरोपी लाला और उनकी पत्नी माला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित अनुपमा ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने घर पर मोबाइल फोन चला रही थीं और उसी दौरान लाला और उसकी पत्नी माला घर में घुस आए। आरोपियों ने मोबाइल फोन चलाने की बात पर आपत्ति जताते हुए उन्होंने गाली-गलौज शुरू की और मोबाइल फोन चलाने से मना किया। विरोध करने पर आरोपियों ने उनसे मारपीट कर दी। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### घर में संदिग्ध परिस्थिति में राजमिस्त्री का शव मिला

**लोनी, यूटर्न/ 05 मई।** अंकुर विहार थानाक्षेत्र के विकास नगर कॉलोनी में संदिग्ध परिस्थिति में राजमिस्त्री कुलदीप की मौत हो गई। उनका शव कमरे में मिला। घटना की सूचना पर पहुंचे भाई ने उनकी पत्नी पर बिना सूचना के अंतिम संस्कार कराने व भाई की हत्या का आरोप लगाया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और अंतिम संस्कार प्रक्रिया को रुकवाते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब पुलिस रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि मौत के कारणों का पता चल सके। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मूलरूप से बागपत के खेकड़ा निवासी राजमिस्त्री कुलदीप पत्नी पूजा और बेटे के साथ लोनी स्थित विकास नगर कॉलोनी में करीब चार साल से किराए पर रहते थे। सोमवार को कुलदीप के बड़े भाई ओमवीर ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। उन्होंने सूचना दी कि उसके भाई की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है और उसकी पत्नी पूजा बिना सूचना दिए ही अंतिम संस्कार करा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुलदीप की हत्या की गई है। उनको सूचना दिए बिना ही कुलदीप की पत्नी अंतिम संस्कार करा रही है। सूचना पर वह स्वयं थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को रुकवाते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना स्थल का निरीक्षण किया तो वहां पर शराब के पाउच मिले थे और कमरे में बदबू भी आ रही थी। कुलदीप की पत्नी से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि रविवार रात को शराब का ज्यादा सेवन करने उल्टी होने लगी थीं। इसके बाद कुलदीप सो गए।

## पिछली गलतियों को सुधारने का मौका, सत्ता से जुड़कर होगा उकलाना का विकासः कृष्ण मिड्ढा

» **राजेश सलूजा**

हरियाणा, यूटर्न/ 05 मई। क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि विधानसभा व लोकसभा चुनाव के दौरान जो गलतियां हुई हैं, उन्हें अब सुधारने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से विपक्ष में रहने के कारण उकलाना विकास की दौड़ में पिछड़ गया, लेकिन अब सत्ता में भागीदारी का सुनहरा मौका सामने है।

उन्होंने कहा कि यदि यह मौका एक बार गंवा दिया गया तो क्षेत्र को अगले पांच वर्षों तक इंतजार करना पड़ सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है, ऐसे में सरकार के साथ जुड़कर ही उकलाना का समुचित विकास संभव है।



कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि आज पूरी सरकार आपके दरवाजे पर है, जरूरत है तो सिर्फ इस अवसर का लाभ उठाने की। 'झोली भरोगे तो आप भी निहाल होंगे,हृ उन्होंने कहा।

इस दौरान महापौर प्रवीण पोपली ने कहा कि ऐसे अवसर बार-बार नहीं आते, इसलिए क्षेत्र के विकास के लिए सही निर्णय लेना बेहद जरूरी है।

श्रीनिवास गोयल ने कहा कि यदि जनता निकिता को आशीर्वाद देती है तो भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन सरकार में क्षेत्र की सीधी भागीदारी सुनिश्चित होगी।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सपरा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में श्रीनिवास गोयल, पंकज पसरिजा, पीयूष मेहता, गुडविल हाइब्रिड सीड्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक गुलशन आहूजा, बरवाला मीडिया प्रभारी राजेश सलूजा शुभम मदान, दित्य आहूजा, करण आहूजा, सचिन रेवाड़ी, गुलशन बतला, पूनम मेहता, मदन रेवाड़ी, उषा, नेहा, पूनम जांगड़ा, रवीना (आदमपुर), सुरेश शर्मा (पुरेवाली), प्रेम रेवाड़ी, सरोज सलूजा, विक्रम शर्मा, रामविलास गोयल, रामचंद्र थाकन, नीरज बंसल, कुणाल शर्मा, वासु आहूजा, डॉ. शमी नागपाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री ने 8 जून, 2026 को प्रदेश से भव्य सोमनाथ यात्रा निकालने की करी घोषणा

**अश्विनी वालिया/ कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 05 मई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि 8 जून, 2026 को प्रदेश से भव्य सोमनाथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। सोमनाथ मंदिर हमारी अखंड आस्था, सांस्कृतिक धरोहर और आत्मसम्मान के पुनर्जागरण का प्रतीक है। भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक भगवान श्री सोमनाथ महादेव ज्योतिर्लिंग की पावन भूमि के प्रति गहरी श्रद्धा और आस्था है। भारत सरकार द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व - 1000 वर्ष की अखंड आस्था के अंतर्गत 11 जनवरी, 2027 तक एक वर्षव्यापी राष्ट्रीय स्मरणोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर आयोजित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने सचखंड श्री हुजूर साहिब नांदेड़ के दर्शन के लिए जा रहे यात्रियों की विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और यात्रियों से बातचीत कर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने इस पवित्र यात्रा पर जा रहे यात्रियों को संकल्प दिलवाते हुए कहा कि वो गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें। यही इस यात्रा की सच्ची सफलता होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न, सरोपा भेंटकर सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज जो ट्रेन कुरुक्षेत्र से जा रही है वह दो महान तीर्थ स्थलों के बीच सेतु का काम कर रही है। एक तरफ धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र है, जहां भगवान श्रीकृष्ण जी ने मोह ग्रस्त अर्जुन के माध्यम से संसार को गीता का उपदेश देकर जीवन का मार्ग दिखाया। यही नहीं, यह पावन धरा गुरु साहिबान के पावन चरणों से भी अनेक बार पवित्र हुई है। दूसरी तरफ, सचखंड श्री हुजूर साहिब, नांदेड़ वह पवित्र स्थान है, जहां दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ज्योति जोत समाए। इन दोनों पवित्र स्थलों को जोड़ने वाली यह विशेष ट्रेन भारत की आध्यात्मिक धारा के प्रवाह का प्रतीक बन रही है। उन्होंने कहा कि तीर्थ यात्राएं धार्मिक कार्यक्रम के साथ-साथ समाज को जोड़ने का माध्यम होती हैं। यह लोगों को संस्कारों से और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम होती हैं।

## निवेश का झांसा देकर साइबर ठगी में पांच गिरफ्तार, शराब तस्करी में आरोपी दबोचा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।** दिल्ली के पूर्वी जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब तस्करी और अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश किया है। इन दोनों मामलों में कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और बड़ी मात्रा में अवैध सामान तथा डिजिटल सबूत बरामद किए गए हैं।

पहले मामले में पूर्वी जिले की साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह ऑनलाइन निवेश और टास्क आधारित योजनाओं के जरिए देशभर में लोगों को ठग रहा था। आरोपियों को उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले से पकड़ा गया है और उनके पास से पांच मोबाइल बरामद किए गए।

जांच में सामने आया कि यह गिरोह लोगों को मैसेजिंग ऐप के जरिए निवेश का लालच देकर पहले छोटे मुनाफे दिखाता था, फिर बड़ी रकम अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करवा लेता था। बाद में इन पैसों को कई खातों के जरिए घुमाकर छिपा दिया जाता था, ताकि जांच एजेंसियों को इसका पता न चल सके। पुलिस के अनुसार, इस ठगी में तीन लाख चालीस हजार रुपए से अधिक की राशि शामिल है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे म्यूल बैंक अकाउंट उपलब्ध कराते थे और बदले में कमीशन लेते थे। यह नेटवर्क देशभर में फैला हुआ था और संगठित तरीके से काम करता था। पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों में आगे की जांच जारी है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। दूसरे मामले में पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ ने कल्याणपुरी इलाके में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

## मधु विहार में पुलिस ने दो बदमाश दबोचे, छीनी गई सोने की चेन और चोरी की बाइक बरामद

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।** दिल्ली के पूर्वी जिले के मधु विहार पुलिस स्टेशन की टीम ने दो शातिर झपटमारों को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने उनके पास से झपटी गई सोने जैसी चेन और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। 3 मई को मधु विहार इलाके में सिंगला स्वीट्स के सामने स्थित बीएसईएस कार्यालय के पास चेन झपटने की घटना को लेकर पुलिस को आपात कॉल मिली थी। कॉल मिलते ही पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उसी समय गश्त पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने दो संदिग्धों को एक मोटरसाइकिल पर भागते हुए देखा। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया और कुछ ही दूरी पर उन्हें पकड़ लिया।

गिरफ्तारी के बाद तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से झपटी गई चेन बरामद हो गई। इसके साथ ही जो मोटरसाइकिल वे इस्तेमाल कर रहे थे, वह भी चोरी की निकली।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## हरियाणा में डेंगू मरीजों को मुफ्त सिंगल डोनर प्लेटलेट्स सुविधा शुरू : सैनी

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर आयोजित हवन यज्ञ व रक्तदान शिविर में की शिरकत**

**केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत**

» **कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 05 मई।**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में डेंगू रोगियों के लिए निःशुल्क सिंगल डोनर प्लेटलेट्स की शुरूआत करने वाला हरियाणा उत्तरी क्षेत्र में पहला राज्य बना है। डेंगू मरीजों को 11 हजार रुपये की प्रतिपूर्ति की जाती है। प्रदेश में कुल 154 ब्लड सेंटर कार्यरत हैं। सरकार ने पिछले वर्ष तय लक्ष्य 3 लाख 30 हजार यूनिट्स ब्लड से बढकर 4 लाख 50 हजार यूनिट से भी अधिक ब्लड एकत्रित किया। केंद्र सरकार से हरियाणा को वर्ष 2024-25 में सबसे अधिक रक्तदान हेतु रक्तदान में उत्कृष्टता के लिए लगातार दूसरे वर्ष पुरस्कार मिला है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को कुरुक्षेत्र के लाडवा में केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन मंत्री श्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के साथ हवन यज्ञ में पूर्णाहुति डाली।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने रिबन काटकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया और रक्तदाताओं को बैज लगाकर व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की इस पावन धरा पर केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन मंत्री श्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में आपके बीच आकर मुझे बड़ी खुशी हो रही है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है।

# प्रदेश को बेसहारा गौवंश से मुक्त करना है सरकार की प्राथमिकता :नायब सिंह सैनी

» परमिंदर सिंह



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 05 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश को बेसहारा गौवंश से मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए दो गौ अभ्यारण्यों की स्थापना की गई है। एक जिला पानीपत के गांव नैन और दूसरा जिला हिसार के गांव ढंढुर में बनाया गया है। इनमें शैड, पानी, चारे की व्यवस्था की गई है। इनके लिए 8 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेसहारा गौवंश के पुनर्वास के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 51 गौशालाओं को शैड बनाने के लिए 10 लाख रुपये प्रति गौशाला अनुदान देने का प्रावधान किया है। इनमें से 21 गौशालाओं में शैड बनाने हेतु अनुदान दिया जा चुका है। इसी तरह पंचगव्य आधारित उत्पादों पर अनुसंधान और विकास के लिए हरियाणा गौवंश अनुसंधान केंद्र सुखदर्शनपुर पंचकूला की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री मंगलवार को कुरुक्षेत्र के लाडवा में श्री कृष्ण गौशाला सोसायटी में गौशाला चारा अनुदान राशि वितरण समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद उपाध्यक्षा श्रीमती सुमन सैनी के साथ गौशाला में गौ पूजा की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में लाडवा व थानेसर हल्के की 11 पंजीकृत गौशालाओं के लिए 70 लाख 24 हजार रुपये की चारा अनुदान राशि के चैक वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौशालाओं के लिए चारा अनुदान राशि वितरण समारोह हमारी संस्कृति, हमारी सेवा और समर्पण भावना से जुड़ा हुआ कार्यक्रम है। आज फिर मुझे गौमाता की सेवा का अवसर मिला है। आज की 11 पंजीकृत गौशालाओं के लिए 70 लाख 24 हजार रुपये की चारा अनुदान राशि को मिलाकर वर्ष 2025-26 में पूरे प्रदेश की 619 पंजीकृत गौशालाओं के लिए कुल 228 करोड़ 58 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि जारी की जा चुकी है। पंजीकृत गौशालाओं को पिछले सवा 11 वर्षों में 526 करोड़ 45 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि वेदों में गाय की महिमा का व्यापक रूप से वर्णन मिलता है। हमारे वेदों और पुराणों ने गाय को समृद्धि, शांति और जीवन का आधार माना है। गौ सेवा, गौ पालन और गौ रक्षा का किसी न किसी रूप में हमारे धर्म-ग्रंथों में उल्लेख मिलता है। हमारे देश में गाय आदिकाल से ही पूजनीय रही है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, गाय में सभी देवी-देवता निवास करते हैं। गाय को आध्यात्मिक और दिव्य गुणों की स्वामिनी भी कहा गया है। हमारे ग्रंथों और वेदों में कहा जाता है कि देवताओं और असुरों के बीच हुए समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों में से एक कामधेनु गाय थी। गाय के इसी महत्व को देखते हुए धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा गौशालाओं की स्थापना पर बल दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने भी गौशालाओं के विकास, गौवंश संरक्षण और प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वर्ष 2026-27 के बजट में 7 नए राजकीय पशु औषधालय खोलने का प्रावधान किया है। इनमें मुस्नोता, नांगल जाट, शिव गौशाला (मतलौडा), मोर खेड़ी, बलौली, दहिमन, गौ-अभ्यारण (नैन) शामिल हैं। इसके अलावा कारी आदू, ढूंढ़वा, मोहम्मदपुर अहीर व ममरिया आसमपुर में 4 नए राजकीय पशु चिकित्सालय खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 तक हरियाणा में 215 पंजीकृत गौशालाओं में केवल 1 लाख 75 हजार गौवंश था, लेकिन इस समय राज्य में 697 पंजीकृत गौशालाएं हैं। इनमें लगभग 4 लाख से अधिक बेसहारा गौवंश का पालन-पोषण हो रहा है।

# कामरेड कार्ल मार्क्स की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

» निर्मल सिंह




पानीपत, यूटर्न/ 05 मई। स्थानीय भगत सिंह स्मारक में दुनिया के महान चिंतक, विचारक, दार्शनिक, समाजवादी व साम्यवादी अंतर्राष्ट्रीय विचार धारा के जनक कामरेड कार्ल मार्क्स की जयन्ती पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी का आयोजन सीपीआई की पानीपत जिला कौंसिल की ओर से किया गया, विचार गोष्ठी की अध्यक्षता सीपीआई के राज्य सचिव कामरेड दरियाव सिंह कश्यप व कामरेड सतीश कुमार यादव ने की और संचालन सीपीआई के जिला सचिव पवन कुमार सैनी एडवोकेट ने किया। सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप, पार्टी की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य राम रतन एडवोकेट, जिला सचिव भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पवन कुमार सैनी एडवोकेट, आदि ने कार्ल मार्क्स के जीवन पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि दुनिया में गरीबी - अमीरी के सवाल पर बहुत सारे बुद्धिजीवियों, संतों ने चिंतन किया और गरीबी के कारण ढूंढने के अथक प्रयास किये। कम्युनिस्ट नेताओं ने कहा कि कार्ल मार्क्स ने भी दुनिया को समझने में अपना पूरा जीवन लगा दिया और कार्ल मार्क्स इस नतीजे पर पंहुचे कि दुनिया भर के पूंजीपतियों ने मजदूरों को पूरा वेतन ना देकर मजदूरों का शोषण किया इसी के चलते गरीबी और अमीरी के बीच अंतर बढा है। वक्ताओं ने कहा कि मार्क्स ने दुनिया को बदलने का सिद्धांत दिया और लेनिन के नेतृत्व में रुस में हुई समाजवादी क्रांति के बाद मार्क्स के सिद्धांत पर चल कर ही लेनिन ने सोवियत संघ का निर्माण किया और दूसरे बहुत सारे आजाद हुए देशों ने भी मार्क्स के सिद्धांत पर चल कर ही अपने देशों में किसान एवं मजदूर वर्ग का चहुंमुखी विकास किया।

कम्युनिस्ट नेताओं ने कहा कि आज जिस प्रकार दुनिया में दक्षिणपंथी, फासिस्ट ताकतें सत्ता का दुरुपयोग करके मेहनतकश जनता का शोषण करने के रास्ते पर चल रही है ऐसे समय में कार्ल मार्क्स एवं उनके विचारों की प्रासंगिकता और ज्यादा बढ गई है।

सीपीआई नेताओं ने कहा कि आज हमारे देश की सरकार मजदूरों, किसानों के अधिकारों पर हमले कर रही है और देश में बढ रही महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए लाउडस्पीकर, बुलडोजर संस्कृति अपना रही है। आज देश की एकता, अखंडता की रक्षा करने एवं सम्प्रदायिक ताकतों से संघर्ष करने तथा मेहनत की लूट पर खडी. पूंजीवादी व्यवस्था को ध्वस्त करके शोषणविहीन समाजवादी व्यवस्था कायम करने के लिए संघर्ष करने का संकल्प दोहरा कर ही कार्ल मार्क्स के जन्मदिन को मनाने की सार्थकता होगी।




## पुलिस ने 10 लाख रूपए से अधिक कीमत के गुम हुए 41 मोबाइल फोन मालिकों को सौंपे

**पानीपत, यूटर्न/ 05 मई।** पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की साइबर सेल टीम ने गुम हुए मोबाइल फोन का सर्च अभियान चलाकर लोगों के लाखों रूपए कीमत के गुम हुए 41 मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में मोबाइल के मालिकों को बुलाकर उन्हें उनका मोबाइल फोन सौंपा। गुम हुए मोबाइल फोन को पाकर वारसान के चेहरों पर मुस्कान छा गई और सभी ने पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा प्रत्याशी को वोट देकर बनाएं सरकार में अपनी भागीदारी : दुडाराम

» **हरियाणा, यूटर्न/ 05 मई।**



उकलाना नगर पालिका चुनाव को लेकर भाजपा के पक्ष में माहौल मजबूत होता नजर आ रहा है। इसी कड़ी में आयोजित जनसभा में दुडाराम ने लोगों से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी निकिता गोयल आपकी वकील बनकर आपके हर कार्य को आगे बढ़ाने का काम करेंगी। 'सरकार के साथ रहेंगे तो आपके काम भी तेजी से होंगे,ह्व उन्होंने कहा। दुडाराम ने लोगों से आह्वान किया कि उकलाना के पास यह सुनहरा अवसर है कि वह सीधे सरकार के साथ जुड़कर विकास कार्यों को गति दे।

इस दौरान श्रीनिवास गोयल ने कहा कि वर्तमान में सरकार आपके पास है और इसे बनाए रखने के लिए कमल के फूल का बटन दबाना जरूरी है, ताकि क्षेत्र में विकास की गंगा बहती रहे।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कुलदीप की सरकार को लेकर कोई नाराजगी नहीं है। कार्यक्रम में महावीर डुड्डी, अक्षय बेदी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## थानेसर मंडल में पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत की खुशी लड्डू बाटकर मनाई गई



» **कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 05 मई।**

पश्चिम बंगाल व अन्य राज्यो की जनता ने लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना स्पष्ट जनादेश भारतीय जनता पार्टी को सौंपकर विकास, सुशासन और सुरक्षा के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है। इस चुनाव में पार्टी को मिली प्रचंड जीत प्रदेश में परिवर्तन की जनता की आकांक्षा का प्रतीक है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत, नेतृत्व की स्पष्ट नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकास मॉडल पर जनता का भरोसा इस ऐतिहासिक सफलता का आधार बना। भाजपा के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प को समर्थन दिया। आज थानेसर मंडल में मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में मिली जीत की खुशी लड्डू बांटकर मनाई गई।

# नहीं मिल रही एलपीजी, दो की जगह एक शिफ्ट चल रहीं फैक्टरियां

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 मई।**



ईरान और इस्त्रायल के युद्ध की वजह से शुरू हुआ एलपीजी संकट अब उद्योगों पर गहराता जा रहा है। हालात यह हैं कि दो शिफ्टों में चलने वाली फैक्टरियां अब एक शिफ्ट में चल रही हैं। सबसे ज्यादा लोहे-स्टील को मोल्ड करने वाली, ढलाई करने वाली फेब्रिकेशन की फर्मों पर असर पड़ा है। उद्यमियों के मुताबिक करीब एक हजार करोड़ के ऑर्डर फंसे हुए हैं। एलपीजी संकट की वजह से ऑर्डर समय से पूरे नहीं हो रहे हैं। जिले में फेब्रिकेशन से संबंधित करीब 4000 इकाइयां हैं। बीएस रोड औद्योगिक क्षेत्र एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष आरोड़ा का कहना है कि फर्निस से चलने वाली फैक्टरियों में भट्ठी को गरम करने के लिए एलपीजी की जरूरत होती है। कॉमर्शियल एलपीजी महंगी होने के बावजूद गैस सिलिंडर की किल्लत बनी हुई है।

## श्रमिकों के बढ़े वेतन और एलपीजी संकट से दोहरी मार

गाजियाबाद इंडस्ट्रीज फेडरेशन के अध्यक्ष अरुण शर्मा का कहना है कि सरकार ने श्रमिकों का वेतन बढ़ा दिया यह अच्छी बात है लेकिन एलपीजी के संकट से जूझ रहीं फैक्टरियों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। एलपीजी संकट से जूझ रहीं इंजीनियरिंग टूल्स बनाने वाली फैक्टरियों और फेब्रिकेशन की फैक्टरियों में काम आधा हो गया है। ऐसे में उद्यमियों पर दोहरी मार पड़ रही है। जिस फैक्टरी में 10 कॉमर्शियल गैस सिलिंडर लगते थे उन्हें अब बड़ी मुश्किल से दो सिलिंडर तक ही मिल पा रहे हैं।

# मंडावली, लक्ष्मी नगर, शकूरपुर और गांधी नगर में बदलेगी सड़कों-नालों की सूरत, जलभराव से मिलेगी राहत

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।**

पूर्वी दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को जल्द ही टूटी सड़कों और जलभराव से राहत मिलेगी। शहरी विकास विभाग के तहत डीएसआईआईडीसी ने सड़क और ड्रेनेज सुधार के लिए पांच प्रोजेक्ट शुरू किए हैं। जिनकी कुल लागत करीब 6.6 करोड़ रुपये है।

इन प्रोजेक्ट के तहत मंडावली, फाजलपुर, लक्ष्मी नगर, शकूरपुर और गांधी नगर जैसे इलाकों में सड़कों और स्टॉर्म वॉटर ड्रेन्स (नालों) रीडिजाइन कर नए सिरे से बनाए जाएंगे। सबसे बड़ा प्रोजेक्ट नेहरू एन्क्लेव और शकरपुर इलाके के लिए है, जिसकी लागत करीब 3.60 करोड़ रुपये तय की गई है। इसके अलावा कृष्णा पुरी मंडावली और सेवा सदन क्षेत्र में एक-एक करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट पास हुए हैं। छोटे प्रोजेक्ट्स में शकूरपुर और ईस्ट आजाद नगर जैसे इलाकों को शामिल किया गया है, जहां मुख्य रोड और नालों के निर्माण नए सिरे से होने हैं। इन इलाकों में लंबे



समय से खराब सड़कों और जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिससे लोगों को रोजाना परेशानी हो रही है। सभी परियोजनाओं के लिए 6 महीने की समयसीमा तय की गई है। इसी महीने 8 मई से परियोजना पर काम शुरू हो जाएगा।

**गांधी नगर में आवाजाही होगी आसान:** गांधी नगर और ईस्ट आजाद नगर घनी आबादी और व्यावसायिक गतिविधियों वाला क्षेत्र है।

## कृष्णा पुरी-मंडावली की घनी आबादी को राहत

इस प्रोजेक्ट में कृष्णा पुरी इलाके की प्रमुख गलियों और सड़कों के साथ ड्रेनेज सिस्टम सुधरेगा। करीब 1.13 करोड़ रुपये के इस काम से पूरे इलाके में आवागमन आसान होगा। यह भी घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में परिवार रहते हैं।

## स्कूल ब्लॉक शकूरपुर की कनेक्टिविटी बढ़ेगी

करीब 26 लाख रुपये के इस प्रोजेक्ट में कॉलोनी के अंदर की मुख्य रोड और ड्रेन्स विकसित किए जाएंगे। काम का दायरा छोटी गलियों और मुख्य सड़कों तक कनेक्टिविटी सुधारने पर रहेगा।

## मंडावलीझ्रफाजलपुर में सड़कें-ड्रेनेज सुधरेंगे

इस प्रोजेक्ट में सेवा सदन इलाके की मुख्य और कॉलोनियों के अंदर की सड़कों के साथ स्टॉर्म वॉटर ड्रेन्स रीडिजाइन कर बनाए जाएंगे। करीब 1.03 करोड़ रुपये के इस काम से पूरे पॉकेट की कनेक्टिविटी सुधरेगी। ये घनी आबादी वाला इलाका है, जहां हजारों लोग रहते हैं। यहां जलभराव लंबे समय से बड़ी समस्या है। सड़क और ड्रेनेज सुधार से बारिश के मौसम में बड़ी आबादी को सीधे राहत मिलने की उम्मीद है।

# निवेश का झांसा देकर साइबर ठगी में पांच गिरफ्तार, शराब तस्करी में आरोपी दबोचा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।**



दिल्ली के पूर्वी जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब तस्करी और अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पदार्फाश किया है। इन दोनों मामलों में कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और बड़ी मात्रा में अवैध सामान तथा डिजिटल सबूत बरामद किए गए हैं। पहले मामले में पूर्वी जिले की साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह ऑनलाइन निवेश और टास्क आधारित योजनाओं के जरिए देशभर में लोगों को ठग रहा था। आरोपियों को उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले से पकड़ा गया है और उनके पास से पांच मोबाइल बरामद किए गए।

जांच में सामने आया कि यह गिरोह लोगों को मैसेजिंग ऐप के जरिए निवेश का लालच देकर पहले छोटे मुनाफे दिखाता था, फिर बड़ी रकम अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करवा लेता था। बाद में इन पैसों को कई खातों के जरिए घुमाकर छिपा दिया जाता था, ताकि जांच एजेंसियों को इसका पता न चल सके। पुलिस के अनुसार, इस ठगी में तीन लाख चालीस हजार रुपए से अधिक की राशि शामिल है।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे म्यूल बैंक अकाउंट उपलब्ध कराते थे और बदले में कमीशन लेते थे। यह नेटवर्क देशभर में फैला हुआ था और संगठित तरीके से काम करता था। पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों में आगे की जांच जारी है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

दूसरे मामले में पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ ने कल्याणपुरी इलाके में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान 19 वर्षीय राहुल के रूप में हुई है, जो इलाके में अवैध शराब के भंडारण और बिक्री में शामिल था। पुलिस ने उसके कब्जे से लगभग 120 लीटर अवैध शराब और बीयर बरामद की है। जब्त की गई शराब पर हरियाणा में बिक्री के लिए लेबल लगा था।

# छह लाख की धोखाधड़ी के आरोप में मां-बेटी समेत चार पर प्राथमिकी

**खोड़ा, यूटर्न/ 05 मई।** आदर्श नगर कॉलोनी निवासी आलोक कुमार चौहान ने दिल्ली निवासी मां-बेटी समेत चार लोगों पर छह लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीतमपुरा निवासी सुषमा मल्होत्रा, उनकी बेटी ईशा मल्होत्रा और रिश्तेदार जीवांशु समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मामला वर्ष 2025 का है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि सुषमा मल्होत्रा का एक फ्लैट इंदिरापुरम ज्ञानखंड दो स्थित सोसायटी में है। प्रॉपर्टी डीलर संतलाल के माध्यम से महिला ने फ्लैट बिक्री के लिए उनसे बात की थी। 12 दिसंबर 2025 को समझौता पत्र बना और महिला को छह लाख रुपये का भुगतान किया गया। बकाया रकम रजिस्ट्री के समय देने की बात तय हुई थी। आरोप है कि तीन बार तारीख मिलने के बाद भी महिला रजिस्ट्री के लिए नहीं पहुंची। उन्होंने सुषमा की बेटी ईशा मल्होत्रा से बात की तो उसने 30 फीसदी रकम का पहले भुगतान करने को कहा। विरोध करते हुए उन्होंने 6 लाख रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर डराया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि एंटी फ्रॉड सेल की जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। चारों आरोपियों के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी फर्म से आठ करोड़ राजस्व की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 05 मई।** राज्यकर विभाग की जांच में फर्जी फर्म बनाकर आठ करोड़ रुपये के राजस्व की चोरी का मामला सामने आया है। आरोपी दीपक मालवीय नाम का व्यक्ति है। उसने फर्जी पते पर फर्म पंजीकृत कराई और बिना कोई वास्तविक व्यापार किए, फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के माध्यम से राजस्व की चोरी की। गाजियाबाद जीएसटी विभाग के रेंज सी में तैनात अधिकारी कल्पना सिंघल की शिकायत पर इंदिरापुरम थाने में आरोपी दीपक मालवीया के खिलाफ चार मई को प्राथमिकी दर्ज की गई है। जीएसटी अधिकारी कल्पना सिंघल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी ने एएस इंटरप्राइजेज के नाम से 6 फरवरी 2025 को फर्म का पंजीकरण कराया था।

# आंधी के दौरान हाइटेंशन लाइन से निकली चिंगारी, पांच झुग्गी जलकर हुई राख

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 05 मई।** वसुंधरा सेक्टर-9 स्थित चार मई की सुबह आग लगने से पांच झुग्गियां जलकर राख हो गई। हादसा सुबह आंधी में झुग्गियों के ऊपर से गुजर ही हाइटेंशन लाइन के तार से निकली चिंगारी से आग लगने की बात सामने आ रही है। बाद में तार भी पिघलकर टूट गया। झोपड़ियों के साथ कबाड़ गोदाम भी जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि जनहानि नहीं हुई। वहीं, तीन मई की रात वरदान अपार्टमेंट की चार मंजिला इमारत में भी इलेक्ट्रिक बिजली पैनल में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग से मची अफरा-तफरी से आठ फ्लैटों में फंसे लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। वहीं, दमकल कर्मियों ने दोनों स्थानों पर समय रहते आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि मेरठ के शिराजुद्दीन व महराज, मध्यप्रदेश के मनीराम और हरदोई निवासी नरेश व राजेश झुग्गियों में कपड़े प्रेस करने का काम करते थे। सोमवार सुबह वैशाली फायर स्टेशन पर सूचना मिली तो मौके पर तीन वाटर टेंडर के साथ टीम पहुंची।

आग बुझाने में 20 मिनट लगे, लेकिन झुग्गियां जलकर राख हो गईं। झुग्गियों के पास कबाड़ के गोदाम को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। माना जा रहा है कि झुग्गियों के ऊपर से जा रही 11 हजार केवी लाइन जा रही है। सुबह आंधी के दौरान तार आपस में टकराए और चिंगारी झुग्गियों पर गिरी तो आग लगी। इसके बाद तार भी आग से पिघलकर टूट गया। चूंकि आंधी के दौरान तार आपस में टकराए और चिंगारी झुग्गियों पर गिरी तो आग लग गई।

# तेज रफ्तार बाइक घर के गेट से टकराई, सवार की गई जान

» **लोनी, यूटर्न/ 05 मई।**

कोतवाली क्षेत्र के रूप नगर कॉलोनी में सोमवार सुबह तेज रफ्तार बाइक यामीन के घर के गेट में घुस गई। हादसे में घायल हुसैन (45) को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि हुसैन परिवार के साथ लोनी के मुस्तफाबाद कॉलोनी में रहते थे और सोमवार सुबह बाइक से प्रेमनगर गए थे। बाइक की तेज थी और अनियंत्रित होकर प्रेमनगर स्थित यामीन के मकान के दरवाजे से टकरा गई। इससे वह लहूलुहान होकर गिर गए।




सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। एसीपी ने बताया कि गेट बंद था या खुला था, इसका पता लगाया जाएगा। शिकायत के आधार पर आगे की जांच की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बिना बिक्री लिया आईटीसी क्लेम, विभाग ने पीडब्ल्यूडी से जमा कराए 32 करोड़

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 मई।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से जुड़ा एक बड़ा वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। इसमें विभाग की ओर से बिना बिक्री दिखाए ही करीब 32 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) क्लेम ले लिया गया। राज्य कर विभाग की जांच में यह गड़बड़ी पकड़ी गई, जिसके बाद पूरी राशि सरकार के खाते में जमा करा दी गई है। राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त (ग्रेड-1) जोन प्रथम रामकेश्वर के मुताबिक, मैसर्स एक्जीक्यूटिव इंजीनियर कंस्ट्रक्शन डिवीजन-2 पीडब्ल्यूडी की जांच जीएसटी पोर्टल पर प्राप्त विसंगतियों के आधार पर की गई। इसमें सामने आया कि फर्म ने लगातार भारी मात्रा में खरीद दिखाई, लेकिन उसके मुकाबले कोई बिक्री दर्ज नहीं की। जांच में यह भी सामने आया कि फर्म पिछले करीब दो वर्षों से बिना बिक्री के ही आईटीसी क्लेम कर रही थी। इसकी कुल राशि लगभग 32 करोड़ रुपये पहुंच गई। मामले का खुलासा होते ही सोमवार को जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा की टीम मौके पर पहुंची। टीम में संयुक्त आयुक्त सुजाता सिंह, डिप्टी कमिश्नर राकेश सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर रवींद्र नाथ सिंह और स्टेट टैक्स ऑफिसर रियाजुद्दीन अंसारी शामिल रहे। जांच के बाद विभाग ने पूरी रकम सरकार के खाते में जमा कराई।

### लापरवाही से कार चलाकर घायल करने पर चार हजार जुर्माना

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 मई।** मुरादनगर क्षेत्र में तेज और लापरवाही से कार चलाकर दुर्घटना करने के मामले में अदालत ने बागपत के अमीनगर सराय निवासी गौरव गुप्ता को दोषी करार देते हुए उस पर चार हजार रुपये जुर्माना लगाया है। अदालत ने आदेश में कहा है कि जुर्माना अदा नहीं करने पर दोषी को 24 दिन का साधारण कारावास भुगतना होगा। अदालत से मिली जानकारी के अनुसार, मानसी त्यागी ने मुरादनगर थाने में 16 जनवरी 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि गौरव ने तेज गति व लापरवाही से कार चलाते हुए दुर्घटना कर दी थी। इसमें कई लोगों को चोटें आई थीं और संपत्ति का भी नुकसान हुआ था। अदालत में मामले की सुनवाई के दौरान गौरव ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

# बीईएल को मिली 1,476 करोड़ रुपए की बड़ी डील

## भारतीय सेना के लिए बनाएगी 5 मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।



रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), हैदराबाद के साथ भारतीय सेना के लिए पांच ग्राउंड-बेस्ड मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम की खरीद के लिए 1,476 करोड़ रुपए के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कम से कम 72 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री शामिल है।

यह अनुबंध 'खरीद (भारतीय स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण)' श्रेणी के तहत किया गया, जिस पर राष्ट्रीय राजधानी में कर्तव्य भवन में रक्षा सचिव कुमार सिंह की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए।

बीईएल भारतीय सेना के लिए अत्याधुनिक स्वदेशी ग्राउंड-बेस्ड मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम का निर्माण करती है, जो इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर (ईडब्ल्यू), निगरानी और सुरक्षित टैक्टिकल कम्युनिकेशन पर केंद्रित होते हैं।

रक्षा मंत्रालय के बयान के अनुसार, यह सिस्टम भारतीय सेना की यूनिट्स को आधुनिक बनाएगा और देश के स्वदेशी रक्षा विनिर्माण इकोसिस्टम को भी मजबूत करेगा। यह अनुबंध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के आत्मनिर्भर भारत और 'मेक इन इंडिया' पहल के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। ग्राउंड-बेस्ड मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम एक वाहन पर लगा इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म होता है, जिसे दुश्मन के रडार और इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल्स का रियल-टाइम में पता लगाने, उनका विश्लेषण करने और निगरानी के लिए डिजाइन किया जाता है। आमतौर पर इनमें हाई-सेंसिटिविटी रिसीवर्स, 360-डिग्री कवरेज और 3डी मैपिंग जैसी सुविधाएं होती हैं, जिससे युद्धक्षेत्र की स्थिति का तेजी से आकलन किया जा सकता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि सरकार ने रक्षा अनुसंधान को अपनी प्राथमिकताओं के केंद्र में रखा है और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) अब तक 2,200 तकनीकों को विभिन्न उद्योगों को हस्तांतरित कर चुका है।

भारतीय सेना द्वारा आयोजित नॉर्थ टेक सिम्पोजियम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया में भविष्य के लिए तैयार रहने के लिए अनुसंधान पर लगातार ध्यान देना और सरप्राइज एलिमेंट बनाए रखना बेहद जरूरी है।

उन्होंने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास बजट का 25 प्रतिशत हिस्सा उद्योग, अकादमिक संस्थानों और स्टार्टअप्स के लिए निर्धारित किया गया है और अब तक इन संस्थाओं ने 4,500 करोड़ रुपए से अधिक का उपयोग किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार के आत्मनिर्भरता के प्रयास सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं, जहां वित्त वर्ष 2025-26 में देश का रक्षा उत्पादन 1.54 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जबकि रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ रुपए के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

# फॉक्सवैगन कंपनी जल्द लांच करेगी तीन नई कारें

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।



भारतीय बाजार में फॉक्सवैगन कंपनी जल्द ही तीन नई कारें लॉन्च करने वाली है। इनमें वर्टस का फेसलिफ्ट मॉडल, गोल्फ जीटीआई का दूसरा बैच और टेरॉन का एक कम स्पेसिफिकेशन वाला संस्करण शामिल है। 2026 फॉक्सवैगन वर्टस फेसलिफ्ट को हाल ही में भारी कैमॉफ्लाज के साथ टेस्टिंग के दौरान देखा गया है।

2022 में भारतीय बाजार में लॉन्च के बाद यह इस सेडान का पहला बड़ा अपडेट होगा, जिसमें नए डिजाइन वाले बंपर और नए अलॉय व्हील्स देखने को मिलेंगे। केबिन हाल ही में लॉन्च हुई टाइगुन एसयूवी जैसा होगा, जिसमें 10.1 इंच का सेंट्रल टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम और 10.25 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया जाएगा। इसमें 1.0 और 1.5 लीटर टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन विकल्प जारी रहेंगे, लेकिन अपडेट में 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर यूनिट की जगह एक नया 8-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स मिलेगा। फॉक्सवैगन ने पिछले साल गोल्फ जीटीआई की 250 यूनिट्स लॉन्च की थीं, जो लगभग तुरंत ही बिक गईं। इस महंगी हैचबैक को मिली शानदार प्रतिक्रिया को देखते हुए, कंपनी अब इसका दूसरा बैच भारत लाने की तैयारी में है। गोल्फ जीटीआई का अगला बैच जल्द ही आने की उम्मीद है और पहले बैच की तरह यह भी सीबीयू (कंट्रोल्ड यूनिट) होगा। इसमें कुछ ऐसे फीचर्स हो सकते हैं जो पहले बैच में उपलब्ध नहीं थे और यह पहले बैच से थोड़ी महंगी भी हो सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### बीएचईएल शेयर में रिकॉर्ड तेजी, मुनाफा 155 फीसदी उछला

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।** सरकारी कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के शेयरों में सोमवार को 13 प्रतिशत से अधिक की जबरदस्त तेजी देखी गई, जिसने इसे लगभग 399 रुपये के 52-हफ्तों के नए उच्च स्तर पर पहुंचा दिया। यह उछाल कंपनी के वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही के मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और मुनाफे में सालाना आधार पर 155 प्रतिशत की भारी वृद्धि के बाद आया। इसके साथ ही कंपनी ने 1.40 रुपये प्रति शेयर डिविडेंड का भी ऐलान किया, जिससे निवेशकों का भरोसा और मजबूत हुआ। चौथी तिमाही में बीएचईएल का मुनाफा बढ़कर 1290.47 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष 504 करोड़ रुपये था। कंपनी की आय भी 36.9 प्रतिशत बढ़कर 12310 करोड़ रुपये रही। परिचालन स्तर पर एबिटा 111 प्रतिशत बढ़कर 1753 करोड़ रुपये रहा और एबिटा मार्जिन 9.2 प्रतिशत से बढ़कर 14.2 प्रतिशत हो गया, जो कंपनी की कार्यक्षमता में सुधार को दर्शाता है। हालांकि नए ऑर्डरों में थोड़ी गिरावट आई बीएचईएल का कुल ऑर्डर बुक 2.4 लाख करोड़ रुपये पर मजबूत बना हुआ है, जो इसकी सालाना बिक्री का 7 गुना है।

### सैमसंग बायोलॉजिक्स की हड़ताल को पांचवां दिन, वेतन में बढ़ोतरी की मांग

**सियोल, यूटर्न/ 05 मई।** सैमसंग ग्रुप की बायोटेक शाखा सैमसंग बायोलॉजिक्स में कर्मचारियों की पहली ऐतिहासिक आम हड़ताल मंगलवार को पांचवें दिन भी जारी रही। कंपनी की स्थापना के बाद से यह पहली बार है जब कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से हड़ताल का रास्ता अपनाया है। कर्मचारी बेहतर वेतन और प्रदर्शन-आधारित मुआवजे में बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं, जबकि प्रबंधन और यूनियन के बीच बातचीत किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। यूनियन के अनुसार यह हड़ताल शुक्रवार को शुरू हुई थी, जिसमें उसके 4,000 सदस्यों में से लगभग 2,800 ने हिस्सा लिया। पांच दिन की हड़ताल समाप्त करने के बाद यूनियन ने बुधवार से वर्क-टू-रूल अभियान शुरू करने की योजना बनाई है, जो कंपनी पर दबाव बनाए रखने का एक और तरीका है। कर्मचारी अपने मूल वेतन और प्रदर्शन से जुड़े वेतन में कुल मिलाकर 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं।

# बायोकॉन की संस्थापक किरण मजूमदार-शॉ ने भतीजी क्लेयर को उत्तराधिकारी नामित किया: रिपोर्ट

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।




बायोकॉन की संस्थापक किरण मजूमदार-शॉ ने अपनी भतीजी क्लेयर मजूमदार को अपना उत्तराधिकारी नामित किया है। यह पहला मौका है जब शॉ ने किसी व्यक्ति का नाम उत्तराधिकारी के तौर पर लिया है। यह जानकारी मंगलवार को जारी रिपोर्ट में दी गई।

फॉर्च्यून इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में 73 वर्षीय मजूमदार-शॉ ने कहा कि वह बायोकॉन को आगे ले जाने के लिए क्लेयर को एक सही उत्तराधिकारी के तौर पर देखती है।

मजूमदार-शॉ की कोई संतान नहीं है।

इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'बायोकॉन का स्वामित्व केवल मेरे पास है और मुझे यह सुनिश्चित करना होगा कि मैं इसे अच्छे हाथों में सौंपूं। मैंने अपनी भतीजी क्लेयर को अपना उत्तराधिकारी माना है क्योंकि मुझे लगता है कि उसने मुझे यह साबित कर दिया है कि वह एक कंपनी चला सकती है।'

क्लेयर मजूमदार वर्तमान में नैस्डैक में सूचीबद्ध कंपनी बिकारा थेरेप्यूटिक्स की संस्थापक और सीईओ हैं, इस कंपनी को बायोकॉन द्वारा सपोर्ट किया गया है।

उन्होंने आगे कहा कि एक व्यापक पारिवारिक ढांचा कंपनी के भविष्य के विकास में भी सहायक हो सकता है।

इसमें क्लेयर के भाई एरिक मजूमदार शामिल हैं, जो कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रोफेसर और एआई एक्सपर्ट हैं, साथ ही उनके पति थॉमस रॉबर्ट्स भी हैं, जो मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल में ऑन्कोलॉजिस्ट हैं।

व्यापक संगठनात्मक पुनर्गठन के तहत, बायोकॉन ने अपने जेनेरिक और बायोलॉजिक्स व्यवसायों का विलय कर दिया है, अपनी संरचना को सरल बनाया है और कर्ज कम किया है। मजूमदार-शॉ ने बताया कि कंपनी बायोसिमिलर्स पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है, जो राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

# सुजुकी ने 1.17 लाख यूनिट्स बेचकर बनाया रिकॉर्ड

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।



अप्रैल 2026 का महीना सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया के लिए बिक्री के नए कीर्तिमान लेकर आया है। जापानी कंपनी सुजुकी ने इस दौरान कुल 1,17,514 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की। घरेलू बाजार में सुजुकी ने 98,004 गाड़ियां बेचीं, जबकि निर्यात में 10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,510 यूनिट्स विदेशों में भेजी गईं। यह सफलता भारत में अपनी विनिर्माण के 20 सफल वर्ष पूरे होने के साथ आई है। इस दोहरी कामयाबी का जश्न मनाते हुए, कंपनी ने मुंबई में सुजुकी मत्सुरी फेस्टिवल में दो विश्व रिकॉर्ड भी बनाए। इस इवेंट में कंपनी के लोकप्रिय स्कूटर बर्गमैन ने एक ही स्थान पर एक ही मॉडल की सबसे बड़ी सभा और एक ही दिन में सर्वाधिक डिलीवरी का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इसके अलावा, सुजुकी के स्पेयर पार्ट्स से होने वाली कमाई भी 14 प्रतिशत बढ़कर 91.59 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। अप्रैल का सबसे बड़ा आकर्षण नई बर्गमैन स्ट्रीट 125 का लॉन्च रहा।

2026 के इस अपडेटेड मॉडल को एक्सेस 125 वाले नए हल्के चेसिस पर तैयार किया गया है, जो इसे पुराने मॉडल से 25 प्रतिशत अधिक मजबूत और चलाने में स्थिर बनाता है। ग्राहकों की मांग को ध्यान में रखते हुए, अब बर्गमैन के सभी वैरिएंट्स में 12-इंच के टायर दिए गए हैं।

# रेनोल्ट डस्टर के 7-सीटर मॉडल को लॉन्च करने की तैयारी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।



रेनोल्ट कंपनी इस साल रेनोल्ट डस्टर 7-सीटर मॉडल को लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसे रेनोल्ट बिगस्टर नाम से पेश किया जा सकता है। टेस्टिंग के दौरान दिखी यह एसयूवी मौजूदा डस्टर से अधिक लंबी और बड़े व्हीलबेस वाली प्रतीत होती है। इसका अगला हिस्सा डस्टर जैसा ही रहने की उम्मीद है, जिसमें ऊंचा ग्राउंड क्लीयरेंस, मजबूत बैश प्लेट्स और चौकोर व्हील आर्चेस शामिल होंगे। पीछे की ओर छोटा विंडस्क्रीन और बड़े बूट स्पेस की संभावना है, जो 7-सीटर वाहन के लिए आवश्यक है। केबिन में नए थीम के साथ तीन पंक्तियों वाली सीटें होंगी, जिनमें स्लाइडिंग और रिक्लाइनिंग के साथ एक टच फोल्डिंग सुविधा मिल सकती है। इसमें 10.25 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 10.1 इंच का डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, एंबिएंट लाइटिंग, हवादार फ्रंट सीटें और पैनोरमिक सनरूफ जैसे आधुनिक फीचर्स होने की उम्मीद है, जो ग्राहकों को प्रीमियम अनुभव प्रदान करेंगे। पावरट्रेन के तौर पर इसमें 1.3 लीटर टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन मिल सकता है, जो 158 हॉर्सपावर की शक्ति और 280 एनएम का टॉर्क जनरेट करेगा।

# सैमसंग बायोलॉजिक्स की हड़ताल को पांचवां दिन, वेतन और मुआवजे में बढ़ोतरी की मांग

» सोल, यूटर्न/ 05 मई।



सैमसंग ग्रुप की बायोटेक शाखा सैमसंग बायोलॉजिक्स के यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने मंगलवार को पांचवें दिन भी अपनी पहली आम हड़ताल जारी रखी। वे ज्यादा वेतन और प्रदर्शन के आधार पर मिलने वाले मुआवजे में बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं।

यूनियन के अनुसार, यह हड़ताल शुक्रवार को शुरू हुई थी, जिसमें यूनियन के 4,000 सदस्यों में से लगभग 2,800 सदस्यों ने हिस्सा लिया।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, 2011 में कंपनी की स्थापना के बाद से यह पहली हड़ताल है।

पांच दिन की हड़ताल समाप्त करने के बाद यूनियन बुधवार से 'वर्क-टू-रूल' अभियान शुरू करने की योजना बना रही है।

यूनियन से जुड़े मजदूर अपने मूल वेतन और प्रदर्शन से जुड़े वेतन में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी, हर मजदूर के लिए 30 मिलियन वॉन (लगभग 20,390 अमेरिकी डॉलर) का एकमुश्त नकद प्रोत्साहन और सालाना परिचालन मुनाफे के 20 प्रतिशत के बराबर बोनस की मांग कर रहे हैं।

कंपनी ने मूल वेतन और प्रदर्शन आधारित वेतन में कुल मिलाकर 6.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है।

दोनों पक्षों ने सोमवार को बातचीत फिर से शुरू की, लेकिन वे किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके। वे इस सप्ताह के अंत में अपने मतभेदों को कम करने के लिए दो और बैठकें करने की योजना बना रहे हैं।

यूनियन से जुड़े मजदूरों ने पिछले महीने तीन दिन की आंशिक हड़ताल की थी, जिससे कंपनी के अनुसार कम से कम 150 अरब वॉन (लगभग 101.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का नुकसान हुआ।

कंपनी के एक सूत्र ने कहा, 'हड़ताल के दौरान श्रम मंत्रालय के मध्यस्थता के अनुरोध पर जवाब देने का हमारा फैसला बातचीत के जरिए इस मामले को सुलझाने की हमारी सच्ची कोशिशों का ही एक हिस्सा था।'

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व विधायक के फार्म हाउस पर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 मई।** अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा के फार्म हाउस पर हुई चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी करने वाले आरोपी आकिल और चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी जुबेर को काबू किया है। आरोपियों को तीन मई को गिरफ्तार कर अदालत से दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। कैली स्थित पूर्व विधायक के फार्म हाउस पर 25 और 26 जनवरी 2024 की रात अज्ञात व्यक्तियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी वहां से एसी, इन्वर्टर बैटरी, एलईडी टीवी, कंप्यूटर, प्रिंटर और पंखे सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए थे। इस संबंध में थाना सेक्टर-58 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने पलवल के गांव सोफ्ता निवासी आकिल और नूंह के गांव डूडोली बढ़ा निवासी जुबेर, जो वर्तमान में फरीदाबाद के गांव डीग में रह रहा है, को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी आकिल ने बताया कि वह अपने दो अन्य साथियों के साथ गाड़ी में सवार होकर फार्म हाउस पर आया था। तीनों ने दीवार फांदकर अंदर प्रवेश किया और सामान चोरी कर गाड़ी में भरकर ले गए। बाद में चोरी का सामान जुबेर कबाड़ी को बेच दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए हुए 6 पंखे और एक वाटर डिस्पेंसर बरामद कर लिया है।

### नारियल से भरा ट्रक पलटा, घंटों बाधित रहा दिल्ली-मथुरा हाईवे

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 मई।** दिल्ली-मथुरा नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह सीकरी क्षेत्र के कैली गांव के पास नारियल से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद हजारों की संख्या में नारियल सड़क पर बिखर गए, जिससे दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों की रफ्तार थम गई। गनीमत रही कि ट्रक में सवार चालक और परिचालक सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक सोयम पश्चिम बंगाल के चंद्रपतना से नारियल लेकर दिल्ली की आजादपुर मंडी जा रहा था। सुबह करीब 6 बजे जब ट्रक कैली गांव के पास कट पर पहुंचा, तो अचानक उसका स्टेयरिंग फेल हो गया। स्टेयरिंग लॉक होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रक हाईवे के बीच लगी लोहे की ग्रिल को तोड़ते हुए बीच सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद हाईवे पर काफी दूर तक नारियल फैल गए, जिससे पीछे से आ रहे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह का समय होने के कारण देखते ही देखते हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

## पत्नी और बच्चों का हत्यारोपी पिता उपचाराधीन, नहीं हो सकी गिरफ्तार

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 05 मई।**



वजीरपुर गांव में पत्नी और चार मासूम बच्चों की बेरहमी से हत्या करने के बाद आत्महत्या का प्रयास करने वाले आरोपी नाजिम की सोमवार को गिरफ्तारी नहीं हो सकी। आरोपी का अभी जिला नागरिक अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने पारिवारिक कलह और कर्जे को लेकर हत्या करने की बात कहीं है।

सोमवार शाम को सेक्टर-93 चौकी से जांच अधिकारी की टीम आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंची थी। चिकित्सक ने अभी आरोपी की तबीयत ठीक नहीं होने के कारण डिस्चार्ज नहीं किया। मंगलवार को दोबारा से पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए जाएगी। आरोपी नाजिम की हालत अभी स्थिर है। डॉक्टरों द्वारा उसे डिस्चार्ज किए जाने के बाद पुलिस उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी। पुलिस का मानना है कि रिमांड के दौरान गहन पूछताछ के बाद ही पूरी वारदात का कारण पता चल पाएगा। मूल रूप से मुरादाबाद के बिलारी गांव का रहने वाला नाजिम वजीरपुर में पत्नी नजमा (31) और चार बच्चों इकरा (13), शिफा (11), अयान (7) और खदीजा नूर (6) के साथ रहता था। शनिवार रात करीब दस बजे जब नाजिम का भाई खाना खाने के लिए उसके कमरे पर पहुंचा, तब इस खौफनाक वारदात का खुलासा हुआ।

## स्मार्ट मीटर हटवाने की मांग को लेकर मुख्य अभियंता के कार्यालय पहुंचीं महिलाएं

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 मई।**

स्मार्ट मीटर हटवाने की मांग को लेकर आंबेडकरनगर इलाके की बड़ी तादाद में महिलाएं सोमवार को जोन एक के मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल के राजनगर स्थित कार्यालय पहुंचीं। महिलाओं ने स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड करने का मांगपत्र मुख्य अभियंता को सौंपा। आंबेडकरनगर के तेज सिंह की अगुवाई में मुख्य अभियंता कार्यालय पहुंचीं महिलाओं ने कहा कि उनकी आर्थिक स्थिति खराब है। वह रिचार्ज करके बिजली इस्तेमाल नहीं कर सकतीं। कई उपभोक्ताओं का यह भी कहना था कि रिचार्ज करने के बाद भी सही बैलेंस का पता नहीं चल पा रहा है। एक उपभोक्ता ने शिकायत दर्ज कराई कि निगम के कर्मचारियों ने उनका मीटर बदल दिया। रिचार्ज करने के बाद भी बिजली चालू नहीं हो पा रही है। मुख्य अभियंता ने उनको समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ब्रहमजीत, विक्रमजीत, महेंद्र सिंह, विनोद कुमार, विनीता, सविता, इंद्राणी आदि मौजूद रहे।

तेज सिंह समेत कई उपभोक्ता ऐसे थे, जिन्होंने कहा कि उनके बिल ज्यादा आ रहे हैं। इसके बाद मुख्य अभियंता ने सभी के कनेक्शन नंबर के आधार पर उनका पिछले कुछ महीनों का रिकॉर्ड निकलवाया। तब पता चला कि उनका बिल ज्यादा नहीं था। पिछले महीनों के हिसाब से ही उनका बिल आ रहा था। जिस उपभोक्ता ने रिचार्ज का दावा किया था, उनके बैलेंस में एक हजार रुपये पिछले बकाया और चार हजार रुपये एडवांस में भुगतान दिखा रहा था। इस बारे में मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल ने बताया कि कुछ उपभोक्ताओं में भ्रम की स्थिति है। इसलिए दिक्कत आ रही है। सभी उपभोक्ता कार्यालय से संतुष्ट होकर गए।

## शक की दरार: पति ने कहा नहीं रहना साथ, पत्नी ने मांगा एक करोड़



» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 मई।**

इंदिरापुरम में उच्च शिक्षित दंपती के बीच चल रहा वैवाहिक विवाद अब ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है, जहां रिश्ते के बचने की उम्मीदें कमजोर पड़ती दिख रही हैं। प्रेम विवाह से शुरू हुआ यह संबंध अब आरोप-प्रत्यारोप और कानूनी लड़ाई में बदल चुका है। तीन दौर की काउंसलिंग के बाद भी सहमति न बनने पर पत्नी ने पति से एक करोड़ रुपये गुजारा भत्ते की मांग कर दी है। इससे मामला और संवेदनशील हो गया है। जानकारी के अनुसार, दोनों की मुलाकात एक मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी के दौरान हुई थी। परिचय धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदला और वर्ष 2018 में परिवार की सहमति से विवाह हुआ। शुरुआती वर्षों में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन समय के साथ रिश्ते में खटास बढ़ने लगी। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी अन्य युवकों के संपर्क में है। इससे वैवाहिक जीवन प्रभावित हुआ। वहीं पत्नी इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहती है कि पति बेवजह उस पर शक करता है और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है।

### बदलती सामाजिक प्रवृत्ति बन रही कारण

परिवार न्यायालय के आंकड़े भी इस प्रवृत्ति की पुष्टि करते हैं। वर्तमान में करीब 12 हजार से अधिक मामले लंबित हैं, जिनमें अधिकांश छोटे विवाद से शुरू होकर तलाक तक पहुंच चुके हैं। अधिवक्ता डॉ. राजकुमार चौहान का कहना है कि दंपती अब छोटी-छोटी बातों पर कानूनी रास्ता अपना रहे हैं। इससे रिश्तों में सुलह की गुंजाइश कम होती जा रही है।

### पति ने कहा साथ रहना संभव नहीं, पत्नी ने कहा एक करोड़ दो

इन आरोपों के चलते दोनों के बीच दूरी बढ़ती गई और पिछले एक वर्ष से दोनों अलग-अलग रह रहे हैं। पत्नी ने पति के खिलाफ उत्पीड़न का मामला भी दर्ज कराया है। मामला फिलहाल परिवार न्यायालय से जुड़े मध्यस्थता केंद्र में विचाराधीन है, जहां दोनों पक्षों की काउंसलिंग कराई जा रही है। हालांकि हाल की बैठक में पति ने साफ कर दिया कि वह पत्नी को अपने साथ नहीं रखना चाहता। इसके बाद पत्नी ने गुजारा भत्ता के रूप में एक करोड़ रुपये की मांग रख दी। इससे विवाद और गहरा गया है। आपसी संवाद की दूरी रिश्तों में दरार एमएमजी अस्पताल की क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. चंदा यादव के अनुसार, एकाकी परिवारों में आपसी बातचीत कम होने और व्यस्त जीवनशैली के कारण रिश्तों में अविश्वास पनपने लगता है। कामकाजी दंपती अक्सर एक-दूसरे को पर्याप्त समय नहीं दे पाते। इससे छोटी-छोटी गलतफहमियां बड़े विवाद में बदल जाती हैं। उनका कहना है कि समय रहते काउंसलिंग और संवाद से कई रिश्तों को टूटने से बचाया जा सकता है, लेकिन जब विवाद लंबा खिंच जाता है तो समाधान मुश्किल हो जाता है।

## 59 हजार की धोखाधड़ी में एक आरोपी गिरफ्तार

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 मई।**

साइबर थाना एनआईटी की टीम ने क्रेडिट कार्ड बिल से इंश्योरेंस राशि हटाने के नाम पर करीब 59 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गाजियाबाद निवासी दक्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को तीन मई को गाजियाबाद से काबू किया। इस मामले में शामिल एक अन्य आरोपी चिराग को पुलिस 28 अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एनआईटी निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाने में शिकायत दी थी कि छह अक्तूबर 2025 को उसके पास एक कॉल आई थी। फोन करने वाले ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर झांसा दिया कि पीड़ित के क्रेडिट कार्ड बिल पर 2,999 रुपये का इंश्योरेंस चार्ज लगा है।

## समाधान शिविर की समस्याओं पर सीटीएम ने लिया संज्ञान

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 मई।** सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में सोमवार को जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त आयुष सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता नगराधीश (सीटीएम) अंकित कुमार ने की। शिविर में पहुंचे नागरिकों की शिकायतों को सुनकर सीटीएम ने संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के आदेश दिए। सीटीएम अंकित कुमार ने बताया कि शिविर में सबसे अधिक मामले परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में आय संबंधी त्रुटियों और नए सदस्यों के नाम जोड़ने से संबंधित आए।

## मौसम बदलते ही बढ़े वायरल और पेट संबंधी बीमारियों के मरीज

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 मई।**

मौसम में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। शहर के सरकारी अस्पतालों में चक्कर आना, उल्टी, दस्त और पेट दर्द जैसी शिकायतों के साथ पहुंचने वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। डॉक्टरों का कहना है कि दिन और रात के तापमान के बीच बढ़ता अंतर शरीर के संतुलन को बिगाड़ रहा है। इससे वायरल और पेट संबंधी बीमारियां फैल रही हैं।



एमएमजी अस्पताल के फिजिशियन आलोक रंजन के अनुसार, पहले जहां रोजाना 30-35 मरीज ऐसे लक्षणों के साथ आते थे, अब यह संख्या 50 के पार पहुंच गई है। इनमें से करीब 20 मरीजों को भर्ती करना पड़ रहा है। कुल मिलाकर मरीजों की संख्या में करीब 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। ज्यादातर मरीज शुरूआत में चक्कर की शिकायत लेकर आते हैं। इसके बाद उल्टी और तेज पेट दर्द की समस्या सामने आती है।

एमएमजी अस्पताल में सोमवार को 2395 नए मरीजों ने इलाज कराया। इनमें 1127 महिलाएं, 784 पुरुष और 448 बच्चे शामिल रहे। इमरजेंसी में 122 मरीज पहुंचे, जिनमें से 105 को भर्ती करना पड़ा। 253 मरीज बुखार से पीड़ित मिले। संयुक्त अस्पताल में भी 896 मरीजों ने उपचार कराया। इससे बढ़ते दबाव का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### ओपीडी में महिला को आया चक्कर, भीड़ के कारण करना पड़ा इंतजार

मरीजों की बढ़ती भीड़ के बीच अस्पतालों की अव्यवस्थाएं भी सामने आईं। लालकुआं से आई एक महिला को चक्कर आने के बाद ओपीडी में लंबा इंतजार करना पड़ा। भीड़ के कारण इलाज में देरी हुई, जिस पर परिजनों ने नाराजगी जताई। डॉक्टरों की सलाह है कि इस मौसम में खानपान और दिनचर्या को लेकर विशेष सतर्कता जरूरी है। बाहर का खाना खाने से बचें, केवल साफ और सुरक्षित पानी पिएं। शरीर को हाइड्रेट रखें और हल्का व सुपाच्य भोजन करें। साथ ही अचानक तापमान बदलाव से बचने के लिए उपयुक्त कपड़े पहनें और लक्षण दिखते ही डॉक्टर से सलाह लें।

## पानी संकट पर मटके फोड़कर किया प्रदर्शन

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 मई।** ओल्ड फरीदाबाद के बैंड मार्केट और इस्लाम कॉलोनी इलाके में पिछले एक महीने से जारी पानी की किल्लत को लेकर सोमवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। प्रशासन की अनदेखी से नाराज बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए और नगर निगम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने बीच सड़क पर मटके फोड़कर विरोध दर्ज कराया और जमकर नारेबाजी की। स्थानीय निवासियों महेश्वरी और दीपक ने बताया कि क्षेत्र में पिछले एक महीने से पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। कई बार पूरे दिन पानी की आपूर्ति नहीं होती और जब पानी आता भी है तो उसकी अवधि इतनी कम होती है कि घर की बुनियादी जरूरतें भी पूरी नहीं हो पातीं। लोगों का कहना है कि उन्होंने नगर निगम, स्थानीय विधायक और पार्षद को कई बार लिखित शिकायतें दीं, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर समस्या का समाधान नहीं हुआ है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि प्रशासन का रवैया ऐसा है जैसे इस क्षेत्र के लोग वोट ही नहीं देते।

निवासी बलबीर और सोनम ने यह भी बताया कि इलाके में केवल पानी ही नहीं, बल्कि बिजली की समस्या भी लगातार बनी हुई है। शिकायतों के बावजूद केवल आश्वासन मिलते हैं, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों ने नए ट्यूबवेल की मांग भी की थी, जिस पर अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। प्रदर्शन के चलते करीब डेढ़ घंटे तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। लोग इस बात पर अड़े रहे कि जब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आकर ठोस आश्वासन नहीं देता, वे प्रदर्शन समाप्त नहीं करेंगे।



## रुबीना दिलैक ने मालदीव में ढाया कहर

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस रुबीना दिलैक इन दिनों अपने पति अभिनव शुक्ला के साथ मालदीव में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। वेकेशन के बीच रुबीना ने कुछ बोल्ड फोटोज शेयर की हैं, जिसे देखकर हर किसी के मुँह से बस एक ही शब्द निकला और वह है वाह ! इन फोटोज में रुबीना ने बिकिनी पहनी हुई है और पति के साथ बहुत ही रोमांटिक अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। रुबीना की खूबसूरती किसी इंट्रोडक्शन की मोहताज नहीं है। उनका यह बोल्ड अंदाज हर किसी को उनकी तरफ आकर्षित कर रहा है। रुबीना द्वारा शेयर की गई इन तस्वीरों में वह पति के साथ-साथ अपने दोस्तों संग भी एन्जॉय करती हुई नजर आ रही हैं। रुबीना दिलैक ने अपने साथ-साथ अपने पति अभिनव की भी फोटोज शेयर की हैं। इसी के साथ दूसरी फोटो में रुबीना अपने पति को रोमांटिक अंदाज में देखती हुई नजर आ रही हैं। रुबीना ने अपनी फोटोज के नीचे कैप्शन भी लिखा है, जिसमें लिखा है मुझे घूमना बहुत पसंद है और ये हमारे रिश्ते को और भी ज्यादा मजबूत बनाता है।



## खोई हुई ताकत को हासिल करना ही लक्ष्य: सेलिना जेटली

हाल ही में बॉलीवुड की अभिनेत्री सेलिना जेटली ने सोशल मीडिया पर अपनी एक भावुक पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने जीवन के उतार-चढ़ाव, मानसिक शांति की तलाश और अपनी पुरानी पहचान को फिर से पाने के सफर को बयां किया। सेलिना जेटली ने घर पर एक सोफे पर हाथ में किताब लिए हुए अपनी एक सुकून भरी तस्वीर भी पोस्ट की। अपनी पोस्ट में सेलिना ने स्वीकार किया कि एक महिला के तौर पर हम अक्सर घर बनाने, परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने और अपनों का ख्याल रखने में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि कहीं न कहीं खुद को ही भूल बैठते हैं। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जहाँ व्यक्ति अपनी पहचान और अपने सपनों को पीछे छोड़ देता है। उन्होंने बताया कि ठीक होने की प्रक्रिया कोई शोर-शराबे वाली या बड़ी जीत हासिल करने वाली नहीं होती, बल्कि कभी-कभी यह बस एक शांत दिन, एक कप कॉफी और गहरी सांस लेने के छोटे-छोटे पलों में छिपी होती है।



# बिकिनी में फातिमा का स्टाइलिश लुक

बॉलीवुड की फेमस अभिनेत्री फातिमा सना शेख, जो दंगल गर्ल के नाम से जानी जाती हैं, एक बार फिर से अपनी अदाओं को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने वेकेशन की कुछ एक्सक्लूसिव तस्वीरें साझा की हैं, जो देखते ही देखते वायरल हो गई हैं। इन तस्वीरों में फातिमा का बेबाक और ग्लैमरस अंदाज उनके फैंस के होश उड़ा रहा है। इन तस्वीरों में फातिमा बिकिनी पहनें समंदर की लहरों में समय व्यतीत करती हुई नजर आ रही हैं। इसी के साथ उनके खुले बाल और उनकी मुस्कान उनकी खूबसूरती को चार चाँद लगा रही है। एक तस्वीर में वह बीच पर रेत के पास पोज दे रही हैं, तो वहीं दूसरी तस्वीर में वह कायकिंग का लुत्फ उठाती देखी जा सकती हैं। फातिमा अपनी फिटनेस और एडवेंचर के प्रति प्रेम के लिए जानी जाती हैं। गोवा की शांत झीलों में कायकिंग करते हुए उनकी एक फोटो फैंस को काफी पसंद आ रही है। इसी के साथ उन्होंने अपनी फोटो के नीचे कैप्शन में लिखा है कि उन्हें खुश करना बहुत आसान है, बस उन्हें पहाड़ों और बीच पर ले जाओ। उनके इस हॉट अंदाज को देखते हुए एक फैन ने कमेंट किया है कि आप इतने क्यूट कैसे हो ? इन फोटोज में फातिमा बेहद फ्रेश नजर आ रही हैं। उनका ये अवतार पूरा कूल लुक दे रहा है, और सोशल मीडिया पर उनकी इन तस्वीरों ने धमाल मचा दिया है।

## चहल को केवल एक ओवर दिये पर हैरान हुए कैफ , पंजाब की रणनीति पर उठाये सवाल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।** पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने स्पिनर युजवेंद्र चहल को कम गेंदबाजी दिये जाने की पंजाब किंग्स की रणनीति पर सवाल उठाये हैं। ।कैफ के अनुसार पंजाब को चहल की क्षमताओं पर भरोसा बनाये रखना चाहिये। कैफ के अनुसार गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में जिस प्रकार से चहल को कम गेंदबाजी मिली उससे मुझे हैरानी हुई है। इस मैच में पंजाब किंग्स को हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद से ही पंजाब की गेंदबाजी रणनीति पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। इसी को लेकर कैफ ने कहा था कि आईपीएल इतिहास के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक होने के बाद भी चहल को केवल एक ही ओवर दिये जाने पर उन्हें हैरानी हुई है जबकि वह अपनी कलात्मक लेग-स्पिन और विकेट लेने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। कैफ के अनुसार चहल ने आईपीएल में कुल 228 विकेट लिए हैं और उनका नाम सबसे अधिक विकेट लेने वालों में शामिल है।इसमें से उन्होंने काफी विकेट चिन्नास्वामी स्टेडियम जैसी सपाट पिचों पर लिए थे जहां गेंदबाजों को काफी कम सहायता मिलती है। हालांकि, कैफ ने पिच की स्थितियों को भी ध्यान में रखा और स्वीकार किया कि शायद पिच पर घास मौजूद होने के कारण टीम की रणनीति प्रभावित हुई हो। इसके बावजूद, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चहल जैसे असाधारण क्षमताओं वाले गेंदबाज में कठिन हालातों के अनुसार ढ़लने और विकेट लेने की क्षमताएं हैं।




## आईपीएल से काफी कुछ सीखने को मिल रहा : बेथेल

**बेंगलुरु, यूटर्न/ 05 मई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के की ओर से खेल रहे इंग्लैंड के ऑलराउंडर जैकब बेथेल आईपीएल में खेलकर बेहद उत्साहित है। बेथेल का कहना है कि इस लीग से उसे काफी कुछ सीखने को मिला है और उसका आत्मविश्वास और अनुभव भी बढ़ा है। लीग में विराट कोहली जैसे अनुभवी बल्लेबाज से उसे लक्ष्य का पीछा करने की कला भी सीखने को मिली है। बेथेल का क्रिकेट सफर आसान नहीं रहा है। बारबाडोस की धूप भरी पिचों पर बल्ले और गेंद के साथ खेलते हुए बड़े हुए। वह इंग्लैंड गये। इसमें वारविकशायर के लिए खेले और 2021 में अपना पहला पेशेवर अनुबंध साइन किया। इसके बाद उन्हें इंग्लैंड की टीम में जगह मिली। बेथेल का कहना है कि आरसीबी में आने के बाद उन्हें विराट कोहली के अलावा रजत पाटीदार जैसे खिलाड़ियों के अलावा दिनेश कार्तिक से भी मिने का अवसर मिला। लीग में खेल की तेजी से भी वह प्रभावित हैं। वहीं कोचिंग टीम के साथ काम करने के अनुभव को साझा करते हुए, उन्होंने कोच एंडी फ्लावर की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वह जरूरत पड़ने पर ही बोलते हैं और उनकी बात को सुनना महत्वपूर्ण होता है।

# दक्षिण कोरिया में एक दशक में 896 वायुसेना पायलटों ने छोड़ी नौकरी

### बेहतर वेतन और कम जोखिम वाली कमर्शियल एयरलाइन्स की ज्वाइन

» **सियोल, यूटर्न/ 05 मई।**

दक्षिण कोरिया में वायुसेना के प्रशिक्षित पायलट स्वेच्छा से अपनी नौकरी छोड़ रहे हैं। पिछले एक दशक में 896 वायुसेना पायलटों ने बेहतर वेतन और अपेक्षाकृत कम जोखिम वाली कमर्शियल एयरलाइन्स की नौकरी ज्वाइन कर चुके हैं। हाल ही में जारी आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि पायलटों के पलायन को रोकने के लिए नए कदम उठाए जा रहे हैं और उनके



कल्याण में सुधार की कोशिश की जा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2017 से मार्च 2026 तक 896 कुशल वायुसेना पायलटों ने स्वेच्छा से नौकरी छोड़ी। वायुसेना कुशल पायलट उन पायलटों को मानती है जिनके पास 8 से 17 सालों का अनुभव होता है और जो खुद ऑपरेशन संचालित करने के साथ-साथ जूनियर पायलटों को प्रशिक्षण देने में सक्षम होते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वायुसेना पायलटों ने अपनी नौकरी छोड़ी, उनमें 730 फाइटर पायलट और 148 कार्गो पायलट और 18 हेलीकॉप्टर पायलट शामिल हैं।

इनमें से 622 पायलट ने कोरियन एयर की नौकरी ज्वाइन की है, जबकि 146 पायलटों ने एशियाना एयरलाइन्स की नौकरी ज्वाइन की, जिसका विलय कोरियन एयर के साथ हो चुका है। इसके अलावा 103 पायलट लो कॉस्ट एयरलाइंस से जुड़ गए। कोविड-19 महामारी से पहले हर साल करीब 100 पायलट वायुसेना छोड़ते थे, लेकिन 2021 में वैश्विक हवाई यातायात में गिरावट के कारण केवल 7 पायलटों ने ही सेवा छोड़ी।

## चाइना रेलवे ने मई दिवस की छुट्टियों के दौरान 10 करोड़ से अधिक यात्रियों को सेवाएं दीं



**बीजिंग, यूटर्न/ 05 मई।** चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप कंपनी लिमिटेड के अनुसार, 4 मई को चाइना रेलवे ने 203.83 लाख यात्रियों को परिवहन सेवाएं प्रदान कीं। इसके साथ ही 29 अप्रैल से शुरू हुई मई दिवस की छुट्टियों के दौरान, चाइना रेलवे ने सुरक्षित, स्थिर और व्यवस्थित संचालन के साथ कुल 11.7 करोड़ यात्रियों को परिवहन सेवाएं प्रदान कीं। 5 मई को वापसी यात्रियों की संख्या में वृद्धि जारी रही। चाइना रेलवे द्वारा 2.3 करोड़ यात्रियों को परिवहन सेवाएं प्रदान करने की उम्मीद है, और 2,225 अतिरिक्त यात्री ट्रेनों की योजना बनाई गई है। देश भर के रेलवे विभाग वापसी यात्रियों की भारी आवाजाही से निपटने के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत हैं, परिवहन क्षमता के उपयोग का समन्वय कर रहे हैं और यात्रियों की सुरक्षित और सुचारू वापसी यात्रा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ईरान के फुजैराह हमले में 3 भारतीय घायल, विदेश मंत्रालय ने की तुरंत हमले रोकने की मांग

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 मई।** भारत ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर हुए हमलों की निंदा की, जिनमें तीन भारतीय नागरिक घायल हुए। साथ ही तुरंत नागरिकों और नागरिक ढांचों को निशाना बनाने पर रोक लगाने की अपील की। यूएई ने इन हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है। सोमवार (स्थानीय समय) को फुजैराह में हुए हमलों में तीन भारतीय घायल हुए थे। भारत के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'फुजैराह पर हुआ हमला, जिसमें तीन भारतीय नागरिक घायल हुए, मंजूर नहीं है। हम इस दुश्मनी और सिविलियन इंफ्रास्ट्रक्चर और बेगुनाह नागरिकों को निशाना बनाने को तुरंत रोकने की मांग करते हैं।' विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हम इंटरनेशनल कानून के मुताबिक होर्मुज स्ट्रेट के जरिए फ्री और बिना रुकावट के नेविगेशन और कॉमर्स की भी मांग करते हैं। भारत मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए सभी कोशिशों का समर्थन करने के लिए तैयार है।' यूएई में भारतीय दूतावास ने कहा, 'फुजैराह में आज हुए हमलों में तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। हम प्रभावित भारतीय नागरिकों की सही मेडिकल देखभाल और भलाई पक्का करने के लिए लोकल अधिकारियों के संपर्क में हैं।'

### सैन्य कार्रवाई राजनीतिक संकट का समाधान नहीं है: अराघची ने अमेरिका और यूएई को दी चेतावनी

**तेहरान, यूटर्न/ 05 मई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिन होर्मुज स्ट्रेट में फंसे जहाजों के ट्रांजिट के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम की शुरूआत की। अमेरिका के इस मिशन को लेकर ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट फ्रीडम ही प्रोजेक्ट डेडलॉक है। इसके अलावा ईरानी विदेश मंत्री ने अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात को चेतावनी देते हुए कहा कि सैन्य कार्रवाई किसी भी राजनीतिक संकट का हल नहीं है। अमेरिका और यूएई को चेतावनी देते हुए अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'होर्मुज की घटनाओं से यह साफ हो गया है कि राजनीतिक संकट का कोई सैन्य समाधान नहीं है। पाकिस्तान की अच्छी कोशिश से बातचीत आगे बढ़ रही है। इसलिए अमेरिका को इस बात से सावधान रहना चाहिए कि उसके दुश्मन उसे फिर से दलदल में न घसीट लें।

# साउथ कोरिया की शिप में धमाके के बाद आग सोल बोला- जांच जारी, ट्रंप के दावे पर भी पूरा ध्यान



» **सोल, यूटर्न/ 05 मई।**

होर्मुज जलडमरूमध्य में दक्षिण कोरिया के एक मालवाहक जहाज में धमाके के बाद आग लगने की घटना सामने आई है। इस घटना को लेकर शुरूआती स्तर पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आई हैं, जबकि वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि यह हमला ईरान की ओर से किया गया है। उन्होंने कहा कि समुद्री मार्गों पर चलने वाले जहाजों की सुरक्षा और उनकी स्वतंत्र आवाजाही अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत सुनिश्चित की जानी चाहिए।

समाचार एजेंसी योनहाप ने दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय के हवाले से बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है और जांच पूरी होने के बाद ही सच्चाई सामने आएगी। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से भी कहा गया कि इस घटना को गंभीरता से लिया जा रहा है और सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है।

यह जहाज दक्षिण कोरियाई शिपिंग कंपनी एचएमएम का बल्क कैरियर 'एचएमएम नामूह्न है, जो संयुक्त अरब अमीरात के पानी में लंगर डाले हुए था। सोमवार रात करीब 8:40 बजे (कोरियाई समय) जहाज के इंजन रूम में धमाके के बाद आग लग गई। क्रू मेंबर्स ने लगभग चार घंटे तक कार्बन डाइऑक्साइड का उपयोग कर आग पर काबू पाया।

कंपनी के अनुसार, जहाज पर कुल 24 क्रू सदस्य सवार थे, जिनमें छह दक्षिण कोरियाई और 18 विदेशी नागरिक शामिल थे। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

दक्षिण कोरियाई सरकार ने बताया कि जहाज को एक टगबोट की मदद से नजदीकी बंदरगाह तक ले जाया जाएगा, जहां कोरिया मैरीटाइम सेफ्टी ट्रिब्यूनल और नेशनल फायर एजेंसी के जांचकर्ता विस्तृत जांच करेंगे।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह हादसा किसी बाहरी हमले का परिणाम है या तकनीकी खराबी के कारण हुआ। कंपनी ने कहा है कि इंजन रूम की जांच के बाद ही नुकसान और कारणों का सही आकलन हो सकेगा।

इस बीच, दक्षिण कोरिया अमेरिका, ईरान और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के सदस्य देशों – जैसे सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात – के साथ जरूरी सूचनाएं साझा कर रहा है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडमह्व नामक एक अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में फंसे वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षित निकालना है। दक्षिण कोरिया इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है और क्षेत्रीय सुरक्षा तथा अपने घरेलू कानूनी ढांचे को ध्यान में रखते हुए आगे का निर्णय लेगा। सरकार ने यह भी कहा कि वह वैश्विक समुद्री लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को स्थिर और सामान्य बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग ले रही है।




## कभी भी फट सकते हैं ईरानी तेल के कुएंः अमेरिका

### तेहरान के तेल कुओं पर ट्रंप क्यों कर रहे यह अजीब दावा

**तेहरान, यूटर्न/ 05 मई।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव अब धमकियों और दावों के एक नए दौर में पहुंच गया है। दोनों ही देश एक तरफ शांति की बात कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ अपनी जीत की कहानियाँ गढ़ने में लगे हैं। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ऐसा दावा किया है जिसने विशेषज्ञों को हैरान कर दिया है। ट्रंप का मानना है कि ईरान के तेल के कुएं जल्द ही किसी गुब्बारे की तरह फट सकते हैं। यह बयान सुनने में जितना डरावना है, तकनीक रूप से उतने ही सवाल खड़े करता है कि क्या वाकई बिना किसी सैन्य हमले के, केवल दबाव बढ़ने से तेल के कुओं में विस्फोट संभव है? एक हालिया इंटरव्यू में ट्रंप ने तर्क दिया कि यदि ईरान के तेल निर्यात पर पूरी तरह रोक लगा दी जाए और उसके स्टोरेज टैंक भर जाएं, तो कुओं से निकलने वाले तेल का दबाव इतना बढ़ जाएगा कि वे खुद-ब-खुद फटने लगेंगे। ट्रंप का मानना है कि तेल अपनी प्राकृतिक रफ्तार से बाहर आता है और उसे लगातार पाइपलाइनों के जरिए निकालना अनिवार्य है। यदि स्टोरेज फुल होने के कारण यह प्रक्रिया रुकी, तो दबाव धमाके का कारण बनेगा।

# आर्थिक रिश्तों में नई रफ्तार को जयशंकर ने दी प्राथमिकता

### भारत-जमैका संबंधों में नए अध्याय की शुरूआत

» **किंग्स्टन, यूटर्न/ 05 मई।**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने नौ दिवसीय कैरेबियाई दौरे के पहले चरण में जमैका की राजधानी किंग्स्टन पहुँचकर द्विपक्षीय संबंधों को एक नई दिशा प्रदान की है। इस उच्चस्तरीय यात्रा के दौरान जमैका के अलावा सूरीनाम और त्रिनिदाद व टोबैगो भी शामिल हैं, जो कैरेबियाई देशों के साथ भारत के बढ़ते रणनीतिक और सांस्कृतिक जुड़ाव को दर्शाता है।



किंग्स्टन में विदेश मंत्री जयशंकर ने जमैका की विदेश मंत्री कामिना जॉनसन स्मिथ और कैबिनेट के वरिष्ठ सहयोगियों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक की। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, डिजिटल सहयोग, पर्यटन और बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा हुई। जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत और जमैका के बीच यह साझेदारी आने वाले समय में और अधिक मजबूत और प्रभावी होगी। आर्थिक सहयोग को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने व्यापारिक नेताओं से भी मुलाकात की और बदलते वैश्विक परिदृश्य में विश्वसनीय व्यापारिक साझेदारी की आवश्यकता पर बल दिया। यात्रा का एक महत्वपूर्ण पहलू जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस के साथ हुई मुलाकात रही, जिसमें राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को और अधिक सक्रिय बनाने पर सहमति बनी। इस अवसर पर भारत ने मानवीय सहायता और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए जमैका को 10 भीष्म क्यूब भेंट किए। यह स्वदेशी तकनीक से निर्मित मोबाइल अस्पताल प्रणाली है, जो आपदा या आपात स्थिति में कम समय में चिकित्सा सहायता प्रदान करने में सक्षम है। सांस्कृतिक और खेल संबंधों को रेखांकित करते हुए जयशंकर ने ऐतिहासिक सबिना पार्क स्टेडियम को एक नया स्कोरबोर्ड भी समर्पित किया। क्रिकेट के प्रति दोनों देशों के साझा प्रेम का जिक्र करते हुए उन्होंने क्रिस गेल और कोर्टनी वॉल्श जैसे महान खिलाड़ियों को याद किया, जो भारत और कैरेबियाई देशों के बीच एक मजबूत सेतु का काम करते हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *